# हरिभूमि रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 20 .5 डिग्री




12 दशहरा पर्व पर इंद्रदेव की लीला, कई इलाकों में बरसे बदरा





12 रावण दहन के साथ अंहकार रूपी बुराई का हुआ अंत ...


## खबर संक्षेप

### रोडवेज वर्कशॉप में जागरण कल

**रेवाड़ी।** रोडवेज वर्कशॉप में 4 अक्टूबर की रात मां शेरांवाली के जागरण का आयोजन किया जाएगा। इससे अगले ही दिन वर्कशॉप परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कर्मचारी नेता यशपाल यादव ने बताया कि रोडवेज कर्मियों की ओर से हर साल माता का जागरण व भंडारा कराया जाता है। इस मौके पर जीएम निरंजन शर्मा मुख अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने आमजम से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें व जागरण में माता के भजनों का आनंद उठाएं।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 18 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने एमपी के दंतूर निवासी हरिसिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25 अगस्त को हुए हादसे के बाद फरार वाहन चालक देवास निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। खोल थाना पुलिस ने 10 जून को हादसे के बाद दर्ज किए गए मामले में राजस्थान के मांढण निवासी मनीष को गिरफ्तार किया है। हादसे में एक युवक घायल हो गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गांव नाराणपुर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में रामपुरा थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति के बयान पर 29 सितंबर को आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ति ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने नाराणपुर निवासी कपिल को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में दंपति गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दंपति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर 12 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में गांव निवासी अनिल व उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### भटसाना में बाबा बिशनदास का मेला 6 को

**धारूहेड़ा।** गांव भटसाना में आगामी 6 अक्टूबर को बाबा बिशनदास महाराज के मेले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रवीण लांबा अध्यक्ष भिवाड़ी इंटीग्रेटड संघटन तथा विशिष्ट अतिथि राव अजीत सिंह खैहरा व आसपास गांवों के सरपंच व पंच उपस्थित रहेंगे। मेला कमेटी के प्रधान सुबेदार धर्म सिंह ने बताया कि 5 अक्टूबर रात्रि को बाबा बिशनदास के धाम पर भजन-कीर्तन का आयोजन होगा तथा 6 अक्टूबर को हवन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

---

*परमिट फीस के नाम पर वसूली 53 लाख रुपये की राशि का हुआ था गोलमाल*

# जिस कर्मचारी पर लगे थे लाखों के गबन के आरोप उसी कर्मचारी को आरटीए ऑफिस में दोबारा लगाया

## खाल बचाने के लिए अफसरों ने किसी तरह कराई थी वाहन मालिकों से रिकवरी

आरटीए कार्यालय के पुराने अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले के बाद कर्मचारी ने एक बार फिर उसी सीट पर विराजमान होने के लिए उच्च स्तर पर सिफारिश का इस्तेमाल किया। एचकेआरएन के कर्मचारियों का तबादला करने वाले अधिकारी ने भी पुराना रिकॉर्ड पता किए बिना संबंधित कर्मचारी को उसके पुराने 'ठिकाने' पर भेज दिया।

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

अंधेर नगरी, चौपट राजा..यह कहावत क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कार्यालय पर सटीक बैठती है। इस कार्यालय में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे एक कर्मचारी ने परमिट फीस वसूली के नाम पर लगभग तीन साल पहले 53 लाख रुपये का गबन कर दिया था। उसे वहां से हटाकर अधिकारियों ने किसी तरह वाहन मालिकों से दोबारा वसूली के जरिए मामला दबा दिया था, परंतु अब उसी कर्मचारी को एक बार फिर से आरटीए ऑफिस में उसी कुर्सी पर बैठा दिया गया है। कार्यालय के विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2022 से लेकर 30 मई 2022 तक के परमिटों का ऑनलाइन रिकॉड चेक करने पर यह बात सामने आई थी कि पांच माह की अवधि के दौरान 136 वाहनों के परमिट जारी करने के लिए 5319250 रुपये राशि ऑफिस में आई, परंतु इस राशि को सरकारी खजाने में जमा ही नहीं कराया गया। इसमें परमिट फीस व जुर्माना मिलाकर प्रति वाहन लगभग 18 हजार रुपये लेकर 3.33 लाख रुपये तक की राशि शामिल थी। इस राशि में नेशनल परमिट फीस 16500 रुपये प्रति वाहन व हरियाणा परमिट फीस के 2250 रुपये प्रति वाहन भी शामिल थी। परमिट सीट पर कार्य करने वाले कर्मचारी ने लंबे समय तक परमिट रिन्यू नहीं कराने वाले वाहन मालिकों से फिफ्टी-फिफ्टी में सौदा करते हुए ऑनलाइन पुराने परमिटों को निरस्त कर दिया था। उसने कम फीस पर नए सिरे से वाहनों के नेशनल परमिट जारी कर दिए। जिस समय परमिट फीस का यह घोटाला सामने आया, इसकी विभागीय जांच शुरू कराई गई।



रेवाड़ी। एनएच-48 स्थित आरटीए ऑफिस। फोटो :हरिभूमि





रेवाड़ी। परमिट का पैसा वूसले जाने वाली गाड़ियों की लिस्ट। फोटो :हरिभूमि

### मेरे संज्ञान में नहीं था मामला

गबन जैसा कोई मामला मेरे संज्ञान में ही नहीं था। रूटीन में कर्मचारी का तबादला किया गया है। अगर पूर्व में ऐसा कुछ हुआ है, तो जांच के बाद इस मामले में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

-जितेंद्र कुमार, सीटीएम।

### गबन की रिपोर्ट भी तैयार हुई

संबंधित कर्मचारी का इस कार्यालय से तबादला करा दिया गया। बाकायदा सरकारी गबन की रिपोर्ट भी तैयार हुई, परंतु जिम्मेदार अधिकारियों ने दामन पर दाग लगने से बचाने के लिए मामले को दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हाल ही में किए गए एचकेआरएन के कर्मियों के तबादले के बाद गबन के आरोपों से जुड़े एक कर्मचारी को फिर से उसी सीट पर लगा दिया गया है।

### दोबारा करवाई गई फीस की रिकवरी

कच्चे कर्मचारी की ओर से किए गए गबन मामले में उंगलियां सीधे तौर पर सीनियर अधिकारियों पर उठ रही थीं। इसमें प्राधिकरण का एक कर्मचारी भी संलिप्त बताया गया था। मामले को दबाने के लिए वाहन मालिकों को ही बलि का बकरा बनाते हुए उनसे दोबारा परमिट फीस की वूसली कराई गई। बड़े ट्रांसपोर्टरों के लिए इस रकम का भुगतान करना ज्यादा मुश्किल नहीं था, इसलिए ट्रांसपोर्टरों ने दोबारा वसूली का विरोध करने की बजाय भुगतान कर दिया था। सरकार के खजाने में पैसा जमा होने के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### मामले में लिया जाएगा एक्शन

मुझे पुराने मामले की कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा हुआ है, तो इस संबंध में डीसी से बात की जाएगी। जल्द ही कर्मचारी के मामले में आवश्यक कार्वाई की जाएगी।

-सुरेश कुमार, सचिव, आरटीए।

---

### माता रमाबाई संस्था ने बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ सौंपी राशि



रेवाड़ी। विधायक को राशि का चेक सौंपते संस्था के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

*रेवाड़ी। विजयादशमी, सम्राट अशोक महोत्सव, महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर वीरवार को माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर की ओर से बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री बाढ़ राहत कोष में 59,400 रुपये की राशि प्रदान की गई। संस्था के प्रधान बुद्धराम पंवार ने बताया कि यह राशि संस्था के दानवीर सदस्यों की ओर से एकत्रित की गई है, जिसे मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराकर बाढ़ पीड़ितों की आर्थिक सहायता व पुनर्वास कार्यों में उपयोग किया जाएगा। इस मौके पर संस्था से फूल सिंह नाहरवाल, नारायण तंवर, सतबीर सिंह चौहान, रोहताश सिंघल व ईश्वर सिंह मौजूद थे।*

---

# एचएसवीपी के अधिकारियों ने किया सेक्टर का निरीक्षण, लोगों ने रखी अनेक समस्याएं

*जेई ने कहा कि दीपावली से पहले सेक्टर की शेष सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के एसडीओ अशोक शर्मा व कनिष्ठ अभियंता रोहित यादव ने वीरवार को कोसली स्थित एमटीएस सेक्टर का निरीक्षण किया। सेक्टरवासियों ने अधिकारियों का स्वागत किया। एसडीओ ने सेक्टरवासियों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का निरीक्षण करते हुए जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। आरडब्ल्यूए के प्रधान वीरेंद्र झाड़ोदिया ने बताया कि सेक्टर कोसली की कमर्शियल साइट की सभी पार्किंग बदहाल अवस्था में है। कमर्शियल साइट में कटीली झाड़ियां व खरपतवार उगा हुआ है। पार्किंग एरिया मिट्टी में तब्दील है। सभी पार्किंग नए सिरे से बनाने की आवश्यकता है। पूर्व प्रधान राकेश शास्त्री ने शिकायत रखते हुए कहा कि सेक्टर के कुछ सीवर चैंबर टूटे हुए हैं, सीवरों की कनेक्टिविटी नहीं है। सीवरों की कनेक्टिविटी करवा कर मुख्य सीवर लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाए।



रेवाड़ी। कोसली सेक्टर में अधिकारियों का स्वागत करते सेक्टरवासी। फोटो :हरिभूमि

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर प्राचार्य जितेंद्र यादव, यादराम नंबरदार, हवलदार हवा सिंह, प्रवीण जांगिड़, मा. धर्मवीर, मा. धर्मेंद्र यादव, भूतपूर्व सैनिक प्रदीप, एडवोकेट अरुण यादव, सतीश जांगिड़ ,मा. सुरेश, ठेकेदार परमाल व परमिंदर चौधरी उपस्थित थे।

#### ग्रीन बेल्ट्स की चारदिवारी पूरी तरह टूटी

साथ ही सेक्टर की सभी ग्रीन बेल्ट्स की चारदिवारी पूरी तरह टूटी हुई है। छोटे पार्क की एक तरफ की दिवार भी नहीं है। सभी ग्रीन बेल्ट्स की चारदिवारी नए सिरे से बनवाई जाए। एसडीओ शर्मा ने जेई को निर्देश दिए कि शीघ्र ही सभी समस्याओं के समाधान के लिए एस्टीमेट तैयार कर आगामी कार्यवाही के लिए भेजा जाए। जेई ने कहा कि दीपावली से पहले सेक्टर की शेष सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा और बूस्टिंग स्टेशन बनाने का काम भी जल्द ही कराया जाएगा।

---

# आरएसएस के संस्थापक डा. बलिराम हेडगेवार को भारत रत्न देने की मांग, पीएम को भेजा पत्र

*डा. हेडगेवार का जीवन देश की स्वतंत्रता, एकता और सांस्कृतिक चेतना के लिए पूर्णतः समर्पित रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले के दर्जनों स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा. बलिराम हेडगेवार को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की है। आरएसएस के स्वयंसेवक डा. सतीश खोला, डा. वी पी यादव, हुकम सिंह, सुनील ग्रोवर, वीरेंद्र चिल्लर, गणेश दत्त, महेंद्रपाल, राम सिंह, सुमित, जतिन सैनी, धीरज, सूर्यप्रकाश, डा. सौरभ यादव, संजय कुमार, विजय गुप्ता व वीरेंद्र गुप्ता ने वीरवार को डा. बलिराम हेडगेवार को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मांग पत्र भी भेजा है। स्वयंसेवकों ने कहा कि डा. हेडगेवार का जीवन देश की स्वतंत्रता, एकता और सांस्कृतिक चेतना के लिए पूर्णतः समर्पित रहा। उन्होंने ऐसे समय में संगठन की नींव रखी, जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और समाज जाति-पांति, प्रांतीयता एवं आपसी वैमनस्य से बंटा हुआ था। डा. हेडगेवार ने अपनी दूरदृष्टि और त्यागमयी साधना से ऐसा संगठन खड़ा किया, जिसने आज विश्व स्तर पर स्वयं को सबसे बड़े और अनुशासित सामाजिक संगठन के रूप में स्थापित किया है।



रेवाड़ी। प्रधानमंत्री को भेजा पत्र दिखाते आरएसएस के स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

#### हर नागरिक में अनुशासन, निष्ठा की भावना जागृत करें

डा. सतीश खोला ने कहा कि डा. हेडगेवार का उद्देश्य केवल एक संगठन खड़ा करना नहीं था, बल्कि उस संगठन के माध्यम से राष्ट्र के हर नागरिक में अनुशासन, निष्ठा और त्याग की भावना जागृत करना था। आज यह सर्वविदित है कि आरएसएस के लाखों स्वयंसेवक देश के कोने-कोने में समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक आपदा राहत और सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों में निरंतर सक्रिय हैं। यह सब डा. हेडगेवार की सोच और संकल्प का ही परिणाम है। इसलिए इस महान पुरुष को देश की सर्वोच्च नागरिक उपाधि भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। यह केवल डा. हेडगेवार का ही नहीं, बल्कि उन सभी स्वयंसेवकों और राष्ट्रप्रेमियों का भी सम्मान होगा जो भारत माता की सेवा को सर्वोपरि मानते हैं।

---

### धारूहेड़ा में गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता को अर्पित की श्रृद्धांजलि





रेवाड़ी। महात्मा गांधी को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

*धारूहेड़ा। वीरवार को धारूहेड़ा कस्बे में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर नपा अध्यक्ष कंवर सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कंवर सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी और समाज के उत्थान में अमूल्य योगदान दिया है। प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को देशभर में गांधी जयंती मनाई जाती है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने महात्मस गांधी के विचारों और सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। सरकारी संस्थानों में भी गांधी जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रवीण पांचाल व राजबीर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।*

---

*जैन पब्लिक स्कूल की सेक्टर-4 शाखा प्रोडिजी स्कूल में नवरात्रि डांडिया महोत्सव की रही धूम*

# बूम बूम बूमरो, श्याम रंग बूमरो सहित अनेक गीतों पर झूमे बच्चे

## ममता यादव ने कहा कि बहू बेटी का सम्मान करने से देवी मां होती हैं प्रसन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल की सेक्टर-4 स्थित शाखा प्रोडिजी स्कूल में बुधवार रात्रि नवरात्रि डांडिया महोत्सव की धूम रही। कार्यक्रम में रंग-बिरंगे परिधानों में थिरकते बच्चे व अभिभावक, व्यंजनों की महक तथा ढोल के साथ गूंजती संगीत की धुन का आलम रहा। उत्सव में मुख्य अतिथि व एचपीएससी सदस्य ममता यादव ने कहा कि घर की बहू बेटी का सम्मान करने से देवी मां भी प्रसन्न होंगी। कार्यक्रम में जहां नन्हे बच्चों ने अपनी अदाओं से मन मोह लिया, वहीं अभिभावकों ने भी जमकर नृत्य का लुफ्त उठाया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने मंच संचालन किया। डांडिया महोत्सव में विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ सजावट की वस्तुओं, रेडिमेड वस्त्र, पस व ज्वैलरी के स्टाल आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि के साथ प्रबंधन समिति के प्रधान सीए मोहित जैन, उपप्रधान सीमा जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन के साथ शासकीय निकाय सदस्य निपुण जैन, रविंद्र जैन, प्रद्युमन जैन व विजय जैन, प्रबंधन समिति के पूर्व प्रधान पीके जैन, जैन समाज के प्रधान महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष अजय जैन व सतीश स्कूल के प्रधान अनिल रस्तोगी ने दीपार्चन कर उत्सव का शुभारंभ किया।







रेवाड़ी। कार्यक्रम में डांडिया खेलते बच्चे, अभिभावक व शिक्षक, महोत्सव में विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

#### लक्की ड्रा में सोनिया ने रही प्रथम

उपप्रधानाचार्य विजय गुप्ता ने अतिथियों का अभिनंदन किया। एलकेजी से पांचवी कक्षा तक के बच्चों ने डांडिया, गरबा व शास्त्रीय नृत्यों से समां बांधा। अभिभावकों के लिए आयोजित बेस्ट डांसिंग आउटपुट में दीपक पहले, नरेंद्र दूसरे व राजेश तीसरे स्थान पर रहे। बेस्ट डांडिया स्टिक में इंदु अग्रवाल ने पहला, देव व अल्पना ने दूसरा तथा मोनिका व साधना ने तीसरा स्थान पाया। लक्की ड्रा में सोनिया ने पहला, पूनम व वंशिका ने दूसरा तथा दीक्षा, कार्तिक व प्रभजोत ने तीसरा पुरस्कार जीता। समिति के प्रधान सीए मोहित जैन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

#### विजेताओं को सम्मानित किया

*डांडिया के धमाल में बूम बूम बूम बुमरो, रंगोलो ढोलना, ओढनी उडी जाए रे, ढोली तारो ढोल बाजे, सुन ले ओ मारिया, नगाड़े संग ढोल बाजे, पंखिडा उड़ के जाना रे व रंगली आव मारी रंगली आदि गीतों की धुन पर अभिभावक, बच्चे, शिक्षक व प्रबंधन समिति के सदस्य जमकर झूमे। प्रबंधन समिति के सचिव अमित जैन ने सभी का आभार जताया। मुख्य अतिथि व प्रबंधन समिति के साथ प्रधानाचार्या सोनल छाबडा, जैन समाज के उपप्रधान अरविंद जैन व उषा रस्तोगी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने विजेताओं को सम्मानित किया।*

विशेष : वन्यजीव सप्ताह 2-8 अक्टूबर

# दुनिया के ये अनोखे चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर ऐसी जगह होती है, जहां कई तरह के एनिमल्स और बर्ड्स को रखा जाता है। उनकी पूरी देखभाल की जाती है। लेकिन दुनिया में कुछ जू ऐसे भी हैं, जहां की विशेषताओं के बारे में जानकर तुम हैरान रह जाओगे। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग चिड़ियाघरों के बारे में।

जंतु-जगत
रजनी अरोड़ा




बच्चो, तुम्हारे शहर या आस-पास के किसी शहर में चिड़ियाघर यानी जू देखने तो तुम जरूर गए होगे। यहां तुम तरह-तरह के वन्य जीवों को देख सकते हो। यहां तुम उन जंतुओं को भी देख सकते हो, जिनके केवल चित्र या वीडियो तुमने अपनी किताबों में, इंटरनेट या टीवी पर ही देखे होंगे। चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देख-रेख में रह रहे इन जानवरों को देखने, इनके बारे में जानने-समझने का अपना अलग रोमांच होता है। वैसे तो देश-दुनिया में हजारों चिड़ियाघर हैं। लेकिन आज हम तुम्हें कुछ ऐसे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी विशेषताओं के कारण बहुत अनोखे हैं।

## सिंगापुर चिड़ियाघर, सिंगापुर




यह दुनिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में एक माना जाता है। इस चिड़ियाघर को 11 पारिस्थितिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित प्रजातियों/जीव-जंतुओं के लिए उनके अनुकूल आवास बनाए गए हैं। इस जू में बच्चों के लिए कई विशेष कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। जैसे- किड्स रेंजर टूर, जिसमें बच्चे चिड़ियाघर संचालक की भूमिका निभाते हैं। इस जू में एनिमल शो का भी आयोजन किया जाता है, जो यहां घूमने आए लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होता है।

## लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू , चीन



बच्चो, लगभग सभी चिड़ियाघरों में जानवरों और पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है। लेकिन जरा सोचो, वो चिड़ियाघर कैसा होगा, जहां जानवर तो खुले में घूमते हैं, लेकिन उन्हें देखने जाने वाले इंसानों को पिंजरे में बंद रखा जाता है। ऐसा ही एक चिड़ियाघर है, चीन के चोंगकिंग में स्थित लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू। इस चिड़ियाघर में पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में खुलेआम घूमते हैं। जबकि यहां आने वाले पर्यटक सुरक्षित पिंजरेनुमा गाड़ी में बंद होकर यहां घूमते हुए जानवरों और अन्य पशु-पक्षियों को बेहद करीब से देख सकते हैं, उन्हें खिला सकते हैं। चीते, शेर जैसे खतरनाक जानवर तो कई बार पर्यटकों से भरे पिंजरेनुमा गाड़ी पर चढ़ भी जाते हैं। सोचो, ये सब कितना रोमांचक होता होगा न!

## ग्रेटर वैंकूवर जू, कनाडा

ब्रिटिश कोलंबिया क्षेत्र में बना यह चिड़ियाघर वैंकूवर गेम फार्म के रूप में शुरू हुआ था। तब यहां मुख्यतया हिरण जैसे छोटे जानवर रखे जाते थे। बाद में जब यहां जानवरों का संरक्षण किया जाने लगा, तब इसका नाम बदल कर ग्रेटर वैंकूवर जू कर दिया गया। अब यहां रेस्क्यू किए गए या बेसहारा जानवर भी रखे जाते हैं। यहां उन जानवरों को पुनर्वास और सुरक्षित माहौल दिया जाता है। पर्यटक यहां जू के स्टाफ के साथ जा सकते हैं, उनसे जानवरों की देखभाल के तरीके जान सकते हैं। यहां जानवरों की 150 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें अमेरिका के सफेद शेर, चीते, तेंदुए, सहारा के रेगिस्तानी दुर्लभ एडैक्स हिरण, अमेरिकी एल्क हिरण, सफेद पेलिकन, अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी बॉल्ड ईगल, बाइसन, ओरेगॉन, पेंटेड टर्टल पर्यटको को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पर्यटक चिड़ियाघर में ओपन ट्रेन सफारी राइड का मजा भी उठा सकते हैं, जिसमें बैठकर पूरे चिड़ियाघर के जानवरों को पर्यटक आसानी से देख सकते हैं।




वैंकूवर जू में 'जुरासिक पार्क' मूवी की थीम से मिलता-जुलता डायनासोर वर्ल्ड भी है। इनमें डायनासोर के कई बड़े-बड़े एनिमाट्रॉनिक वर्किंग मॉडल बनाए गए हैं, जो धीरे-धीरे हिलते हैं और डरावनी आवाज भी निकालते हैं। उनके आगे लगे बोर्ड से आने वाले पर्यटक उनके बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

## हेनरी डोरली जू, अमेरिका

अमेरिका के नेब्रास्का में स्थित यह चिड़ियाघर, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए मशहूर है। यहां जानवरों की एक हजार प्रजातियों के 20 हजार से अधिक जानवर रहते हैं। इस चिड़ियाघर में बड़े-बड़े इनडोर डोम (कांच के गुंबद) बनाए गए हैं, जिनमें इनडोर रेनफॉरेस्ट और दलदल (अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय जंगलों के जानवर और पौधे की तर्ज पर), दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर रेगिस्तान (अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी दक्षिण-पश्चिम के रेगिस्तान की तरह) को कृत्रिम रूप से बनाया गया है। यहां इन वातावरण में मिलने वाले जानवरों को भी रखा गया है।

इस चिड़ियाघर में दुनिया की सबसे बड़ी किंगडम ऑफ नाइट या रात्रिचर जानवरों को नॉक्टर्नल (रात्रिकालीन) माहौल में रखा जाता है। यानी कृत्रिम रूप से रात जैसा माहौल और तापमान बनाया जाता है, ताकि रात में सक्रिय होने वाले जीव-जंतुओं को दिन के समय भी सक्रिय देखा जा सके। इसके अलावा हेनरी डोरली चिड़ियाघर में उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा कैट कॉम्प्लेक्स भी है, जहां हिम तेंदुआ, अमूर बाघ, लाल पांडा जैसे हिमालय और एशिया की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। साथ ही यहां अफ्रीकी घास के मैदान में पाए जाने वाले जिराफ, हाथी, जेब्रा, शेर, हब्बर्ड गोरिल्ला वैली आदि देखे जा सकते हैं।

यहां सुजैन एंड वॉल्टर स्कॉट अंडरवॉटर टनल-एक्वेरियम में शार्क, रे, समुद्री कछुए, ट्रॉपिकल मछलियां जैसे विशाल महासागरीय जंतु भी देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर, हेनरी डोरली चिड़ियाघर पर्यटकों को जानवरों के साथ-साथ उनके पूरे ईकोसिस्टम को देखने, जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। *

## क्रोकोसॉरस कोव, ऑस्ट्रेलिया

रोमांच के शौकीन लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में स्थित यह चिड़ियाघर बेस्ट है। यह चिड़ियाघर मूलतः मगरमच्छों के लिए बना है। इनके साथ ही यहां कई तरह के जलीय, स्थलीय ऑस्ट्रेलियन सरीसृपों जैसे-



सर्प, छिपकली, कछुए का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह भी है। पर्यटक इन्हें बेहद करीब से देख सकते हैं। पर्यटक यहां केज ऑफ डेथ नामक कांच के पारदर्शी पिंजरे में बैठकर 16 फीट गहरे पानी में विशाल मगरमच्छों को बिल्कुल करीब से देखने का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। मगरमच्छों को खिलाने का शो दिन में दो बार होता है। यहां मगरमच्छ के छोटे बच्चों को हाथ में पकड़ने-उठाने और उसके साथ फोटो खिंचवाने का भी मौका मिलता है।



---

कविता / सिराज अहमद

## आए-बाए-साए



जंगल है
जंगल में मंगल
उसमें भालू
दौड़े हल-बल
खुश हो कूदे
बंदर गल-गल
उड़-उड़ कौआ
गाना गाए
आए-बाए-साए।
बतख चलती
डगमग-डगमग
घोड़ा दौड़ा
टकबक-टकबक
तोता करता
बक-बक, बक-बक
बैठा उल्लू
आंख घुमाए
आए-बाए-साए।
इतने में
बादल आ धमके
आपस में
लड़-लड़कर बमके
जंगल में
बरसे फिर जम के
गिरकर बूंदें
शोर मचाए
आए-बाए-साए।

## बूझो तो जानें



1
दूध से उपजता मैं,
रंग मेरा होता सफेद।
प्रतिरोधकता खूब बढ़ाता,
जल्दी बताओ मेरा भेद।



2
गोल आकार है मेरा,
पेट में बीजों का बसेरा।
पाचन को करता दुरुस्त,
जो चख ले स्वाद मेरा।

3
रंग मेरा है बैंगनी,
डायबिटीज करता कंट्रोल।
पेट में मेरे रहती गुठली,
आकार है मेरा गोल।

- अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1.दही, 2.अमरूद, 3.जामुन

## जीके क्विज-173



1. पिछले दिनों अपने देश में चलती हुई ट्रेन से किस मिसाइल की लॉन्चिंग की गई?
2. हाल ही में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है?
3. चीन का शोक किस नदी को कहा जाता है?
4. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
5. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश का रंग कैसा दिखाई देता है?
6. पीसा की झुकी मीनार कहां स्थित है?
7. कागज का आविष्कार सबसे पहले किस देश में हुआ?
8. गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस स्थान पर हुई थी?
9. हमारे शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
10. सेब में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-173 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-172 का उत्तर :** 1.मोहनलाल, 2.कार्लोस अल्काराज, 3. 2 अक्टूबर, 4.गोपाल कृष्ण गोखले, 5.रविंद्रनाथ टैगोर, 6.चंपारण आंदोलन, 7.भारत छोड़ो आंदोलन, 8.1942, 9.महात्मा गांधी, 10.लाल बहादुर शास्त्री

**जीके क्विज-172 का सही उत्तर देने वाले :** आद्या-उमरिया, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, अंकित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, सपना-बिलासपुर, मनीष-रोहतक, सुमन-बलौदा बाजार, राकेश-रायपुर, पलाश-मटियारी, अमन-बालोद

---

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

ऋषभ को दोस्तों के साथ सेल्फी और रील बनाने में बड़ा मजा आता था। इस चक्कर में वह खतरे भी मोल ले लेता था। एक बार ऋषभ अपने दोस्तों के साथ एक हिल स्टेशन पर गया। वहां सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने में चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया, इसके बाद जो हुआ, उसके लिए बहुत बड़ा सबक था।

## लाइक, कमेंट का चक्कर



आजकल मम्मी, ऋषभ की सेल्फी लेने और रील बनाने की बढ़ती आदत से बहुत परेशान हैं। वह जब देखो, जहां देखो वहां, सेल्फी लेने लगता है या फिर ऊटपटांग रील बनाता है। मम्मी-पापा ने उसे कितनी बार समझाया, 'ऋषभ पढ़ाई पर ध्यान दो, भविष्य में पढ़ाई ही काम आएगी।' लेकिन उसके कानों पर जूं नहीं रेंगती।

कोरोना के पहले की स्थिति बिल्कुल अलग थी। वह पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाता था, लेकिन जब कोराना के समय पढ़ाई मोबाइल के जरिए होने लगी तो उसका स्क्रीन टाइम बढ़ गया, आगे और ज्यादा बढ़ता ही चला गया। मोबाइल की तो जैसे उसकी लत ही लग गई। फिर उसका दोस्त सूरज, उसे सोशल मीडिया के न जाने कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर अपलोड करने की सलाह देता रहता। ऋषभ को जैसे इसका चस्का ही लग गया।

सेल्फी लेते समय बच्चों द्वारा की गई लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में आए दिन अखबारों में छपता रहता है। मम्मी-पापा अकसर उसे इन खबरों के बारे में बताते और समझाते रहते हैं। वह 'हां-हां' कहता, लेकिन अगले दिन फिर वह सेल्फी लेने और रील बनाने में व्यस्त हो जाता।

अभी पंद्रह दिन पहले की ही बात है। सेल्फी लेने के चक्कर में दो दोस्त इतने मशगूल हो गए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब वे सड़क के बीचों-बीच आ गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। मम्मी कई बार सोचतीं कि ऋषभ को समझाऊं कैसे? लेकिन उन्हें कोई उपाय नहीं सूझता।

रविवार का दिन था। ऋषभ बड़ी जल्दी सोकर उठ गया। यह देख मम्मी ने उससे पूछा, 'क्या बात है, आज तो तुम बड़ी जल्दी उठ गए?'

'अरे कुछ नहीं, वो सूरज के साथ कहीं घूमने जाना है।' ऋषभ बोला।

'क्या सेल्फी लेने और रील बनाने की कोई जुगाड़ हो गई है?' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे नहीं मां, आज छुट्टी है, इसलिए ऐसे ही घूमने जा रहे हैं।' ऋषभ ने बात बनाई।

'अच्छा सुन, किसी खतरनाक जगह पर मत जाना और अपना खयाल रखना।' मम्मी यह हिदायत देकर अपने काम में लग गईं।

'मम्मी, चिंता मत करो।' कहकर ऋषभ अपने दोस्त सूरज के साथ चला गया।

शाम करीब सात बजे मम्मी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उन्होंने उसे नहीं उठाया, क्योंकि आजकल होने वाली फ्रॉड की घटनाओं को देखते हुए अनजान कॉल रिसीव नहीं करती थीं। दो-तीन बार जब फोन की घंटी बजी तो मम्मी डर गईं। ऋषभ की सेल्फी की आदत से वह वैसे ही डरी-डरी रहती थीं। रह-रह कर उनके मन में बुरे-बुरे खयाल आने लगे।

उधर वही हुआ, जिसका डर था। ऋषभ और सूरज दोनों अपने शहर से दूर एक हिल स्टेशन पर गए थे। आज चूंकि मौसम बहुत अच्छा था, सूरज के अलावा ऋषभ के चार दोस्त और उनके साथ हो लिए थे, तो सब बहुत मस्ती के मूड में थे। सारे दोस्त किराए की एक जीप में सवार होकर हिल स्टेशन पहुंचे थे। सड़क पर कई जगहों पर रुक-रुक कर उन सभी ने सेल्फी ली और ढेर सारी रील्स भी बनाईं। उन सबको बहुत मजा आ रहा था, लेकिन सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने के चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया। वह 80 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने ही वाला था कि उसके साथियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। ऋषभ को तो एक पल को लगा कि आज उसकी जान ही चली जाएगी। उसे मम्मी-पापा की हिदायतें रह-रह कर याद आने लगीं। वह यही सोचने लगा कि अगर उसे कुछ हो जाता तो बुढ़ापे में मम्मी-पापा का सहारा कौन बनता? उसकी छोटी बहन, जो उसे हर साल राखी बांधती है, वह उसकी रक्षा का वचन देता है, वो किसको राखी बांधती, कौन उसे रक्षा का वचन देता? उसके दादा-दादी की देखभाल कौन करता? ये सारी बातें उसके मन में आईं। ऋषभ ने फैसला किया कि अब वह सेल्फी लेने का अपना मोह छोड़ देगा। महज लाइक्स और कमेंट के लालच में अपनी जान दांव पर नहीं लगाएगा।

ऋषभ जब घर पहुंचा तो बहुत उदास था। मम्मी ने पूछा, 'बेटा क्या हुआ, इतने उदास क्यों हो?'

ऋषभ ने मम्मी को आज का सारा वाकया कह सुनाया। तब मम्मी को भी ध्यान आया कि उसके मोबाइल पर भी एक अंजान कॉल आई थी। मम्मी ने पूछा तो उसने अपने दोस्तों के बारे में बताया और यह भी बताया कि उस घटना के दौरान ही सूचना देने के लिए ऋषभ के दोस्त ने उन्हें कॉल किया था। ऋषभ ने कहा, 'मम्मी, मैं समझ गया कि मैंने आज जो किया, वह बहुत गलत है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।'

'चलो, देर आए दुरुस्त आए।' मम्मी ने उसके सिर पर हाथ फेरा। ऋषभ की बातों से उन्होंने राहत की सांस ली। *

---

कविता
डॉ. राकेश 'चक्र'



## और बताओ मुझको नानी

सोचो नानी मुझे बताओ,
कैसे फूल डाल पर महकें।
भिन्न स्वाद के फल हम खाते,
खा पक्षी पेड़ों पर चहकें।।
और बताओ मुझको नानी,
बुलबुल क्यों गाती है गाना!
कभी हवा संयत हो जाए,
कभी बदल लेती है बाना!
मुझको नानी यह समझाओ,
तोते क्यों हरियल होते हैं?
और मोर के पंख निराले,
इतने रंगों के होते हैं!
प्यारी नानी, मुझे बताओ,
दिनकर क्यों है आग उगलता?
चंदा-मामा के मुखड़े पर,
खड्डे जैसा दाग झलकता!
और बताओ मुझको नानी,
बादल कैसे जल बरसाते?
कैसे सागर से जल लाकर,
भू,जीवों की प्यास बुझाते!
और बताओ मुझको नानी,
क्यों सागर का जल खारा है?
ऋतुओं की अदली-बदली से,
घटता बढ़ता क्यों पारा है?
कर दुलार, नानी फिर बोली,
प्रभु की ही है यह सब माया।
ईश्वर ही सबका मालिक है,
जिसने यह संसार बनाया।।

---

## रंग भरो-186

**रंग भरो-186** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




जॉन, अंबिकापुर


आशना, जांजगीर


आन्या, दुर्ग


रेयांश, बिलासपुर


माही, महासमुंद


डॉली, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डिंपल-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, भूमिश-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हरीश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 187



बच्चो, यहां बैलून से खेलती हुई लड़की और एक बर्ड का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### सप्ताह में 4 दिन अटेली स्टेशन पर होगा ठहराव

**रेवाड़ी।** रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए दौराई अजमेर-टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस ट्रेन का सप्ताह में 4 दिन अटेली स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 15091 दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस 6 अक्टूबर से दौराई से प्रस्थान करके अटेली स्टेशन पर रात्रि 8:55 बजे आगमन एवं 8:57 बजे प्रस्थान करेगी।

### यादव सभा का निःशुल्क चिकित्सा शिविर पांच को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 5 अक्टूबर रविवार को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाइयां प्रदान की जाएंगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. रवि राव मेडिसिन, डा. अजय यादव हड्डीरोग, डा. अभिनव राव सर्जरी व डा.मनीष यादव ईएनटी में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी की सेवाएं देंगे।

### श्री श्याम बाबा का 121वां संकीर्तन आज

**रेवाड़ी।** नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में एकादशी के अवसर पर 3 अक्टूबर को श्री श्याम बाबा के 121वें संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन का समय शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। श्रीश्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित संकीर्तन में जयपुर राजस्थान से भजन गायिका कोमल शर्मा व गोकलगढ़ रेवाड़ी से संजय शर्मा अपने मधुर भजनों से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे।

### दशहरा पर्व को लेकर वीरवार सुबह से ही हुडा मैदान में काफी रौनक रही

# रावण दहन के साथ अंहकार रूपी बुराई का हुआ अंत


हुडा मैदान में जलता यूनाइटेड क्लब की रामलीला का रावण

## हुडा मैदान में धूं-धूं करके जला दशानन का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिले में वीरवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। अनेक धार्मिक संस्थाओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शस्त्र पूजन किया गया। श्रीराम के अग्निबाण से अच्छाई पर बुराई की जीत हुई। अच्छाई की आग में धूं-धूं करके रावण का अहंकार जलकर राख हो गया।




रेवाड़ी। हुडा मैदान में खड़े रावण के पुतले व जमा भीड़। तथा हुडा मैदान में रावण को तीर मारते राम व लक्ष्मण। फोटो : हरिभूमि


हुडा मैदान में जलता घंटेश्वर महादेव रामलीला का रावण।

### मेले में उमड़ी भीड़

*दशहरा पर्व को लेकर वीरवार सुबह से ही हुडा मैदान में काफी रौनक रही। विजयादशमी पर्व को लेकर दुकानों पर बच्चों के लिए खिलौने व अस्त्र-शस्त्रों में तलवार, धनुष-बाण, हनुमानजी का घोटा, ढाल, भाला सहित अनेक अस्त्र सजाए गए। बच्चों ने खिलौनों की जमकर खरीदारी की। दशहरे मेले में खाने-पीने की रेहड़ियों पर महिलाओं की काफी भीड़ रही। मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी मात्रा में पुलिस बल भी तैनात रहा।*

### 125 फीट का रावण दहन

*जिले में सबसे ऊंचे 125 फीट के रावण का पुतले का गांव बेरली कलां में छोटूराम रामलीला युवा क्लब की ओर से दहन किया गया। शहर के हुडा मैदान में श्री घंटेश्वर महादेव आदर्श रामलीला समिति व लाला मक्खनलाल धर्मशाला युनाइटेट रामलीला क्लब की ओर से 60-60 फीट के दो रावण के पुतलों का दहन किया गया। शहर के गली-मोहल्लों में भी कई रावण छोटे-छोटे पुतलों का दहन किया गया। कस्बा धारूहेड़ा के दशहरा मैदान में श्रीराम रामलीला क्लब की ओर से 80 फीट के दशानन के पुतले का दहन किया गया।*

### दुकानों पर खूब बिकी जलेबियां

दशहरे के पर्व पर सुबह से ही शहर में जलेबी की दुकानों पर काफी भीड़ रही। दिनभर हलवाई जलेबी बनाते रहे। जलेबी बेचकर मिष्ठान भंडारों ने अच्छा प्रोफिट भी कमाया। शहर के मशहूर भगतजी जलेबी के संचालक ने बताया कि दशहरे पर्व पर अमूमन 6 से 7 क्विंटल खांड की खपत हो जाती है। दिनभर लोग हुडा मैदान में लगे रावण के पुतले की पूजा करते रहे तथा प्रसाद के रुप में जलेबी का चढ़ाई गई। लोगों ने अपने छोटे बच्चों को रावण का आशीर्वाद भी दिलाया।

### एसपी ने दिए थे समितियों को व्यवस्था के आदेश

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने दशहरा पर्व पर सुरक्षा को लेकर आमजन व रामलीला समितियों से रावण दहन स्थल के चारों तरफ बैरीगेटिंग लगाने तथा जनता के आने-जाने के लिए रास्ता निर्धारित करने तथा रावण दहन स्थल के निकट वाहन पार्किंग की व्यवस्था न करने के निर्देश थे। रामलीला समितियों ने आदेशों पर अमल करते हुए रावण दहन स्थल पर पूरी व्यवस्था की तथा स्थल के निकट पर्याप्त मात्रा में पानी, फायर ब्रिगेड तथा एंबुलेंस का भी प्रबंध रहा। शोभा यात्रा व रावण दहन के समय रामलीला समितियों के वॉलेंटियर्स ने व्यवस्था बनाने मे सहयोग दिया। सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा तथा सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मी तैनात थे। सुरक्षा को लेकर डीएसपी जोगेन्द्र शर्मा, मॉडल टाउन एसएचओ सीमा कुमारी, सिटी एसएचओ गजराज, सदर थाना एसएचओ राजेन्द व कसोला थाना एसएचओ शिवदर्शन अपनी टीम के साथ तैनात थे।

### निकाली शोभायात्रा

*दशहरे पर्व पर मोती चौक से श्री घंटेश्वर महादेव आदर्श रामलीला समिति व मक्खन लाल धर्मशाला से युनाइटेट रामलीला क्लब की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, विभीषण, अंगद व जामवंत सहित वानर सेना शामिल रही। दोपहर बाद शुरू हुई शोभायात्रा भाड़ावास गेट, अग्रसेन चौक व महाराणा प्रताप चौक से बावल रोड होते हुए शाम को हुडा मैदान पर पहुंची। जहां श्रीराम व रावण के युद्ध में श्रीराम ने अग्निबाण चलाकर अंहकार रुपी रावण का अंत किया।*


रेवाड़ी। रेलवे कॉलोनी में रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## कुंभकरण, मेघनाथ, अहीरावण व रावण का हुआ वध

**रेवाड़ी।** रेलवे कॉलोनी में चल रही श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की रामलीला के नौवें दिन पं. मोहन लाल शर्मा के मंत्रोच्चारण व पूजन के बाद डा. सत्य नारायण यादव पूर्व पार्षद ने उद्घाटन किया। मंचन में रावण अपनी सहायता के लिए कुंभकरण के पास जाता है और उसको नींद से उठवाता है, लेकिन जब कुंभकरण को ज्ञात होता है कि रावण सीता का हरण करके लाया है तो वह उसको अनुचित मानता है, लेकिन रावण कुंभकरण को समझा कर युद्ध भूमि में भेज देता है। युद्ध में कुंभकरण श्रीराम के हाथों मारा जाता है। इसके बाद रावण मेघनाथ को युद्ध भूमि में भेजता है। मेघनाथ का लक्ष्मण से भंयकर युद्ध होता है, जिसमें वह लक्ष्मण के हाथों मारा जाता है। मेघनाथ की पत्नी सुलोचना रामा दल में आती है और अपने पति का सिर मांगती है ताकि सती हो सकें। श्रीराम अनुमति दे देते है और सुलोचना के अनुरोध पर युद्ध रोकने का ऐलान भी करते है। रावण सीता के पास आता है और पूछता है कि रावण स्वीकार है या नहीं, लेकिन सीता की ना ही रहती है। रावण सीता को डराने के लिए ढ्रेढूत के द्वारा तैयार राम का कटा शीश दिखाता है, जिसको देखकर सीता मूर्छित हो जाती है, लेकिन त्रिजटा के समझाने पर सीता को विश्वास आता है कि यह झूठ है। रावण अहीरावण को याद करता है। अहिरावण राम-लक्ष्मण को रामा दल से हर लाता है और कामादेवी को भेंट करने की तैयारी करता है, लेकिन हनुमान जी राम-लक्ष्मण की तलाश में पाताल लोक पहुंच जाते है, जहां उनकी मुलाकात मकरध्वज से होती है, जो अपने को हनुमान का पुत्र बताता है व जन्म की कहानी सुनाता है कि किस तरह हनुमान जी के पसीने को एक मछली पी लेती है और उसी से मकरध्वज का जन्म होता है।


रेवाड़ी। सीता से संवाद करते हुए रावण। फोटो : हरिभूमि

# त्योहारी सीजन में पुलिस के कड़े इंतजाम सुरक्षा को लेकर की जा रही पैदल गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से धनतेरस, दीपावली व गोवर्धन पूजा के पावन पर्वो पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वीरवार को सभी थाना प्रबंधकों व पुलिस चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में बाजार में पैदल गश्त करके गहनता से चैकिंग की और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।


रेवाड़ी। बाजार में पैदल गश्त करते हुए पुलिस टीम तथा रात्रि को नाके पर तैनात पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

**एसपी ने दिए निर्देश** एसपी मीणा ने सभी थाना प्रबंधकों व पुलिस चौकी प्रभारियों को भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार पैदल गश्त करने व आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति व वाहनों पर नजर रखने के निर्देश दिए है। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों व चौक चौराहों पर भी सिविल ड्रेस में पुलिस टीमों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने सूचना तंत्र को मजबूत कर संदिग्ध व असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें। एसपी ने कहा कि कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्ति त्योहारों पर भीड़ भाड़ के समय ही घटना को अंजाम देने की फिराक में रहते है, इसलिए अपने-2 थाना क्षेत्रों में आने वाले सभी नाके अर्ल्ट करें, ताकि किसी प्रकार की आपराधिक घटना की पुनरावृत्ति न हो सकें।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### रेजांगला शहीद पार्क में सम्मान समारोह आयोजित

**रेवाड़ी।** रेजांगला शहीद पार्क में वीरवार को रेजांगला पार्क शौर्य समिति व आशीष- वीर पब्लिक चैरिटेबल सोसायटी की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कैप्टन वीर सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पार्क सराहनीय कार्य करने वाले समाजसेवी सूबेदार हुकम सिंह शर्मा को सम्मानित किया गया, जोकि पिछले 10 वर्ष से पार्क में सफाई का कार्य कर रहे है। इस मौके पर पार्क के मुख्य संरक्षक हेडमास्टर बालमुकुंद व देवज्योति हॉस्पिटल की ओर से वॉर म्यूजियम में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने संजय यादव को सम्मानित किया। सभी लोगों पार्क को साफ सुथरा रखने का संकल्प लिया। पार्क के प्रधान सर्वसुख ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सूबेदार महासिंह खोला, कप्तान धर्मवीर, कप्तान करण सिंह, कप्तान सतपाल, मंजीत, धर्मवीर एडवोकेट, अनिल यादव, राज सिंह, ब्रह्मानंद, महेंद्र सिंह, अशोक यादव, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# रावण का वध कर श्रीराम ने विभीषण को बनाया लंका का राजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के मंच पर बुधवार रात्रि अंगद की ओर से रावण के दरबार में पैर जमाने से लेकर लक्ष्मण मूर्छा, हनुमान की ओर से लंका से सुषेण वैद्य को लाने, संजीवनी बूटी लाने, कुंभकरण वध, अहीरावण वध और राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। समिति की ओर से वीरवार को शहर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई और दशहरा मैदान में पहुंचे। जहां श्रीराम ने अग्निबाण चलाकर रावण का वध किया। श्रीराम ने विभीषण को लंका का राजा बनाया और सीता को लेकर अयोध्या लौटे।


रेवाड़ी। घंटेश्वर मंदिर पर रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

**निभाई जिम्मेदारी** रामलीला समिति के सचिव याद के सुगन्ध ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ गुरुग्राम से प्रेम प्रकाश शर्मा और सुरेश सेन ने किया। श्याम गुप्ता, रमेश वशिष्ठ व सुभाष गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। कोई कितनी भी शरारत करले या आतंक फैला ले, झूठ फरेब कर ले, मगर जीत हमेशा सत्य की ही होती है। इसलिए हमें सत्य का दामन कभी नहीं छोड़ना चाहिए। रावण की राम जी से पराजय इसी बात का प्रमाण है। मुख्य संरक्षक अशोक शर्मा व प्रधान अनुकूल शर्मा ने बताया कि ललित ने राम, रूपेश ने सीता, हिमांशु ने लक्ष्मण, वैभव शर्मा ने हनुमान, राजेश पंवार ने रावण, सुनील भटनागर ने मेघनाथ, नमन गुप्ता ने अक्षय कुमार, मनीष ने अहीरावण, विकास गुप्ता ने कुंभकरण, अमित कश्यप ने सुग्रीव, सुभाष ने अंगद और कर्ण गुप्ता ने विभीषण का अभिनय किया।

# रामलीला के 9वें दिन रावण-अंगद संवाद का मंचन किया

**रेवाड़ी।** श्री शिव रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के 9वें दिन रावण-अंगद संवाद का मंचन किया गया। समिति के प्रधान नवल किशोर की अध्यक्षता व महासचिव दीपक मंगला के संयोजन में आयोजित रामलीला में रामा दल से अंगद को रावण की लंका में भेजना, राजकुमार के साथ युद्ध, रावण-अंगद संवाद, मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध, लक्ष्मण मूर्छा, हनुमान द्वारा कालनेमी की पिटाई, संजीवनी बूटी लाना, भरत-हनुमान वार्ता व लक्ष्मण के जीवित होने के दृश्य दिखाए गए।



**ये रहे किरदार** रामलीला के आयोजन में मुख्य संरक्षक विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, मुख्य संरक्षक नरेश मित्तल, उपप्रधान अनिल गोयल, राकेश गोयल, गिरीश सिंगला, राजेंद्र मित्तल, प्रेस सचिव नितेश अग्रवाल, हाउस इंचार्ज लक्ष्मीनारायण बंसल, सन्नी गोयल, हरिराम सैनी, अनिल गर्ग, महेन्द्र गोयल, चार्टड अकाउंटेंड अनिल अग्रवाल, सुरेन्द्र शर्मा व यशपाल यादव का सहयोग रहा।

### धार्मिक कार्यक्रमों से बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा होते हैं

इस मौके पर डीसी ने कहा कि रामायण के पात्र हमारी सनातन धर्म व संस्कृति को बढाने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा होते है और अपनी संस्कृति के प्रति रूचि बढती है। डीसी ने दर्शकों को एक पेड़ मां के नाम और पर्यावरण बचाने की शपथ भी दिलाई। रामलीला में राम का अभिनय आशीष शर्मा, लक्ष्मण-नवीन लखेरा, सीता-हर्ष गुप्ता, रावण-संजीव वशिष्ठ, सुग्रीव-महेन्द्र मिस्त्री, हनुमान-विपिन अग्रवाल, अंगद-सोमेश सैनी, जामवंत-राजेश वर्मा, विभीषण-बीडी अग्रवाल, मेघनाद-संजय सोनी, भरत-मुकेश चावरिया, मंत्री-जेपी पंडित, विनोद रामपुरा, अनिल रामपुरा, राजेश सैनी, उज्जवल तथा प्राइवेट की भूमिका पंडित किशनचन्द वशिष्ठ, बब्लू व नितिन चावरिया ने निभाई।

### पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरतः डा. वंदना

**रेवाड़ी।** वीरवार को भाजपा विधि प्रकोष्ठ की ओर से ईडन गार्डन सोसायटी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लीगल सेल के अध्यक्ष एडवोकेट बिरेन कुमार यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव, पूर्व प्रधान सुधीर यादव तथा बावल बार एसोसिएशन के प्रधान नितिन कौशिक उपस्थित थे। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ की सहसंयोजक सुनीता यादव, एडवोकेट प्रवीण यादव, एडवोकेट अभिषेक भारद्वाज, जय भगवान यादव, सुनील चौहान, एडवोकेट विकास कुमार, एडवोकेट रोहित यादव, एडवोकेट रणजीत सिंह व एडवोकेट सतीश डागर सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे। इस मौके पर सोसायटी के प्रधान धर्मवीर सिंह व सेक्रेटरी कंवर सैन यादव



सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. पोपली ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आजके समय की सबसे बड़ी जरूरत है। वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जीवन को संतुलित और सुरक्षित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हर व्यक्ति एक-एक वृक्ष लगाने का संकल्प ले तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।



रेवाड़ी। नेटबॉल की विजेता टीम शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो व नेटबॉल में जीते पदक

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने डीएवी गेम्स में कई पदक पदक जीतकर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल के खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने ताइक्वांडों और नेटबॉल में पदक जीते। कक्षा बारहवीं के छात्र तुषार ने ताइक्वांडों में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने का गौरव प्राप्त किया। स्कूल की 9 बालिकाओं और 5 बालकों का चयन डीएवी राष्ट्रीय खेलों में नेटबॉल के लिए हुआ है। इसके अलावा अंडर-14 गर्ल्स की टीम ने स्वर्ण पदक तथा अंडर-14 छात्र वर्ग की टीम ने कांस्य पदक जीता। शिक्षकों ने कहा कि इन उपलब्धियों के पीछे न केवल खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण है, बल्कि उनके अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

### बरसात से किसानों के चेहरे खिले, सरसों की बिजाई करना हुआ आसान

# दशहरा पर्व पर इंद्रदेव की लीला, कई इलाकों में बरसे बदरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता हैं

दशहरा पर्व पर मौसम ने एक बार फिर करवट ली। आसमान में बादल छाने के बाद कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे। जिन इलाकों में अच्छी बारिश हुई है, वहां किसानों के लिए सरसों की बिजाई करना आसान हो गया है। एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। इस दौरान आसमान में बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वीरवार को सुबह के समय आसमान साफ रहा। तेज धूप के कारण दोपहर तक गर्मी का असर पसीने छुड़ाता रहा। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर बढ़कर 80 प्रतिशत तक हो गया, जबकि 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। दोपहर तक गर्मी का सामना कर रहे लोगों को दोपहर बाद काफी राहत मिल गई। आसमान में काली घटाएं छाने के बाद जिले के डहीना व मनेठी खंडों में अच्छी बारिश हुई। कई इलाकों में 10 एमएम तक बारिश होने का अनुमान लगाया गया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 3 से 7 अक्टूबर तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। आसमान में बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 6 अक्टूबर को अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश के साथ ही मीठी ठंड का असर भी शुरू हो जाएगा। रात के तापमान में कमी आने से अगले सप्ताह ठंड अपनी उपस्थिति दर्ज कराना शुरू कर देगी।


रेवाड़ी। सरसों की बिजाई के लिए तैयार किया गया एक खेत। फोटो : हरिभूमि

**किसान बारिश का कर रहे थे इंतजार** इस समय सरसों की बिजाई शुरू हो चुकी है। बिजाई करने के लिए किसान जमीन की सिंचाई करने में लगे हुए हैं। बारिश होने के बाद जमीन सरसों की बिजाई के लिए तैयार हो गई है। अब किसानों को जमीन का पलाव करने की आवश्यकता नहीं रहेगा। जिन इलाकों में बारिश नहीं हुई, वहां भी किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय जिन एरिया में 10 एमएम से ज्यादा बारिश हुई है, वहां किसान आसानी से सरसों की बिजाई कर सकते हैं। तापमान में कमी आने से सरसों के अंकुरित होने पर खराब होने का खतरा भी नहीं रहेगा।